BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही **दिनांक-11.03.2025**

◆जनपदीय पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही

◆थाना ऊंज पुलिस टीम को मिली कामयाबी

◆वाहन चोरी एवं चोरी के वाहनों से पशु तस्करी करने वाले गिरोह में शामिल वांछित अभियुक्त चढा पुलिस के हत्थे

◆पूर्व में जनपदीय पुलिस द्वारा गिरोह के गैंग लीडर सहित गैंग के 03 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर भेजा गया है जेल

◆थाना ऊंज अंतर्गत बोलेरो वाहन चोरी की घटना को दिया था अंजाम

◆चोरी की बोलेरो वाहन थाना अलीनगर, जनपद चंदौली में गौ-तस्करी के अभियोग में किया गया है बरामद

दिनांक-20.01.2025 को श्री राजपति निवासी कलापुर थाना ऊंज जनपद भदोही द्वारा थाना ऊंज पर सूचना दिया गया कि ग्राम कलापुर स्थित उनके मकान के सामने टीन शेड में खड़ी बोलेरो वाहन को अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मु0अ0सं0-10/2025 धारा-303(2) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। वाहन चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गैंग लीडर सहित तीन अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। चोरी का वाहन दिनांक 27.01.2025 को थाना अलीनगर, जनपद चंदौली अंतर्गत में गौ-तस्करी के अभियोग में बरामद किया गया।

श्री अभियन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा उपरोक्त वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह में शामिल शेष वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में दिनांक 10.03.2025 को प्रभारी निरीक्षक ऊंज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी व चोरी के वाहनों से पशु तस्करी करने वाले गिरोह में शामिल वांछित अभियुक्त अरबाज उर्फ उसमान पुत्र गुज्जन निवासी सराय जगदीश थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष को भीटी बॉर्डर के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारशुदा वांछित अभियुक्त का नाम व पता-

अरबाज उर्फ उसमान पुत्र गुज्जन निवासी सराय जगदीश थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

निरी. श्री रमाकांत यादव प्रभारी निरीक्षक ऊंज, व0उ0नि0 सच्चिदानंद राय मय हमराह पुलिस टीम थाना ऊंज जनपद भदोही